SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Class Notes

CLASS: 5 SUBJECT: हिंदी
Prepared By: Salma (Date:) LESSON- 4 मंत्री की परख, व्याकरण-5 संज्ञा

प्रश्न-१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक में लिखिए।

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-

क) प्रशासन- राज्य की व्यवस्था
वाक्य-प्रधानमंत्री को हमेशा अपने देश के कुशल प्रशासन के बारे में सोचना चाहिए।

ख) अभिवादन-प्रणाम
वाक्य- हमें हमेशा बड़ों का अभिवादन करना चाहिए।

प्रश्न-३) खाली-स्थान भरिए-

क) करवीर राज्य में एक बुद्धिमान मंत्री की कमी थी।
ख) करवीर के राजा का दूसरा प्रश्न तीनों गुड़ियों के बारे में था।
ग) पद्मवीर ने मटके से कद्दू को ढक दिया था।

प्रश्न-४) लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए-

क) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पद्मवीर ने क्या-क्या सामान माँगा?

उत्तर- प्रश्न का उत्तर देने के लिए पद्मवीर ने एक बैलगाड़ी, कुछ मिट्टी और खाद माँगी।

ख) करवीर के राजा का दूसरा प्रश्न क्या था?

उत्तर-करवीर के राजा का दूसरा प्रश्न यह था कि तीनों गुड़ियों में से सबसे अच्छी गुड़िया कौन-सी है।

ग) पद्मवीर को दोबारा परखने के लिए राजा ने कौन-सी तरकीब लगाई?

उत्तर- पद्मवीर को दोबारा परखने के लिए राजा ने उसे तीन अलग-अलग रंग की अँगूठी दिखाई और उनमें से सबसे श्रेष्ठ अँगूठी बताने को कहा।

घ) राजा को किस रंग की अँगूठी पहननी चाहिए और क्यों?

उत्तर- राजा को लाल रंग की अँगूठी पहननी चाहिए क्योंकि राजा अच्छे विचारों का स्रोत होता है।

प्रश्न-५) दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर चार से पाँच वाक्यों में दीजिए-

१) करवीर के राजा ने पत्र में क्या लिखा था?

उत्तर- करवीर के राजा ने पत्र में लिखा था कि वे एक ऐसे व्यक्ति को अपना मंत्री बनाएँगे जो अपनी भूमि पर उगाई गई ताजा सब्जियों को उनके पास ला सके और साथ ही एक मटके में वहाँ से कुछ बुद्धिमानी ला सके।

२) करवीर के राजा का आखिरी प्रश्न क्या था? उसका पद्मवीर ने क्या उत्तर दिया?

उत्तर- राजा ने पद्मवीर को तीन अलग-अलग रंगों की अंगूठियाँ देते हुए प्रश्न किया कि प्रशासन में किसको कौन-से रंग की अँगूठी पहननी चाहिए। पद्मवीर के अनुसार राजा को लाल रंग की अँगूठी पहननी चाहिए क्योंकि वह अच्छे विचारों का स्रोत है, मुख्यमंत्री को हरे रंग की अँगूठी पहननी चाहिए ताकि वह अच्छे विचारों को प्रेरित कर सके, सेनापति को नीले रंग की अँगूठी पहननी चाहिए ताकि वह कठिन परिस्थितियों का सामना कर सके।

३) पद्मवीर ने पत्र का उत्तर किस प्रकार और कैसे दिया?

उत्तर- करवीर के राजा द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर पद्मवीर ने काफी चतुराई से दिया और पत्र में दी गई सभी शर्तों को पूरा कर दिया। जैसे-ताजा सब्जी लाना और बुद्धिमानी को एक मटके में भरकर लाना।

४) शाही दरबार में काम करने के लिए कौन-सी गुड़िया सही थी और क्यों?

उत्तर- पदमवीर के अनुसार शाही दरबार में काम करने के लिए तीसरी गुड़िया सबसे सबसे अच्छी है क्योंकि वह विश्वासपात्र है।

प्रश्न-६) गतिविधि- विद्‌यालय के पुस्तकालय से पंचतंत्र की कहानियाँ पढ़िए और कोई एक कहानी कक्षा में सुनाइए।

व्याकरण पाठ- संज्ञा

परिभाषा- किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव आदि का बोध कराने वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं।

संज्ञा के पाँच भेद होते हैं -

१) व्यक्ति वाचक संज्ञा- जिन संज्ञा शब्दों से विशेष व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि के नाम की जानकारी मिले, वे शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाते हैं। जैसे- क्रिकेट मैच <u>दिल्ली</u> में खेला जाएगा।

२) जातिवाचक संज्ञा- जिन संज्ञा शब्दों से एक ही जाति अथवा वर्ग का बोध हो, उन शब्दों को जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-खेत में <u>पक्षी</u> दाना चुग रहे हैं।

३) भाववाचक संज्ञा-जिन संज्ञा शब्दों से किसी भाव, गुण-दोष, अवस्था आदि की जानकारी मिले, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- गन्ने में <u>मिठास</u> है।

४) द्रव्यवाचक संज्ञा- जिन संज्ञा शब्दों से किसी द्रव्य, पदार्थ, धातु आदि का बोध हो , उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-लड़का <u>पानी</u> पी रहा है।

५)समुदायवाचक संज्ञा- जिन संज्ञा शब्दों से किसी समुदाय या समूह का बोध हो, उन्हें समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-सड़क पर <u>भीड़</u> लगी है।

प्रश्न-१) रेखांकित शब्दों में संज्ञा का कौन-सा भेद है?

क) <u>लड़कों</u> ने जमकर होली खेली।–

ख) भारतीय <u>सेना</u> वीरता से लड़ी।-

ग) <u>भारत</u> एक विशाल देश है।-